भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1285
जिसका उत्तर दिनांक 09.12.2021 को दिया जाना है

मुजफ्फरपुर के टाटा मेमोरियल अस्पताल के लिए अवसंरचनात्मक निधि

1285 # श्री सुशील कुमार मोदी :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार के मुज़फ्फरपुर में टाटा मेमोरियल अस्पताल के सहयोग से कैंसर अस्पताल हेतु बिहार सरकार द्वारा कितनी भूमि और राशि प्रदान की जानी थी;

(ख) बिहार सरकार ने कितनी भूमि और राशि उपलब्ध करा दी है;

(ग) केंद्र सरकार को पिछले तीन वर्षों में कितनी निधि खर्च करनी थी और कितनी निधि खर्च की गई है;

(घ) वहां कौन-कौन सी सुविधा उपलब्ध कराना है और कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं; और

(ड.) उपर्युक्त योजना के विलंब के क्या कारण क्या हैं और इसे कब पूरा करने का लक्ष्य है ?

उत्तर

<u>राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)</u> :

(क) बिहार सरकार ने 15 एकड़ माप वाली भूमि का हिस्सा कैंसर अस्पताल के लिए श्री कृष्णा मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर, बिहार में परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई)/टाटा स्मारक केंद्र (टीएमसी) को अंतरित किया है । मुजफ्फरपुर, बिहार में 100 बिस्तर वाले अस्पताल के निर्माण के लिए दिनांक 31.08.2018 को डीएई द्वारा रूपए 198.15 करोड़ की लागत वाली परियोजना को मंजूरी दी गई है ।

(ख) बिहार सरकार ने 15 एकड़ भूमि उपलब्ध करा दी है और रूपए 100 करोड़ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

(ग) केंद्रीय सरकार को अस्पताल के निर्माण के लिए रूपए 198.15 करोड़ खर्च करना है । कोविड वैश्विक महामारी के कारण कार्य नहीं किया जा सका और केवल रूपए 5.21 करोड़ का खर्चा अक्टूबर 2021 तक किया जा सका । तथापि, अस्पताल के निर्माण की प्रक्रिया आरम्भ हो गई है और इस प्रकार खर्च भी किया जाएगा । इसके पूरा होते ही केंद्र कई रोगियो को स्थानीय उपचार उपलब्ध कराएगा ।

(घ) मुजफ्फरपुर में सुविधा की परिकल्पना वाराणसी सुविधा के लिए 'स्पोक' के रूप में की गई है । व्यापक कैंसर केंद्र विभिन्न प्रकार के कैंसर रोगियों के लिए सभी प्रकार की कैंसर देखभाल उपलब्ध कराएगा । अस्पताल निर्माण चरण में है । तथापि, अस्पताल के निर्माण के लंबित होने के कारण, टाटा स्मारक केंद्र ने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से और दान निधि से उसी परिसर में दिनांक 01.02.2021 को 50 बिस्तर वाला मॉड्यूलर अस्पताल कमीशन किया है । यह बिहार में और उसके आस-पास के लोगों के लिए कैंसर देखभाल की सुविधा देता है ।

इस मॉडयूलर अस्पताल में, अब तक 120 बड़ी शल्य चिकित्साएं, 400 छोटी शल्य चिकित्साएं और 4500 कीमोथेरेपी की गई हैं । इसके अतिरिक्त, लगभग 120 नए रोगी प्रतिदिन ओपीडी में चिकित्सा का लाभ उठाते हैं ।

मॉडयूलर अस्पताल निम्नलिखित सेवाएं प्रदान कर रहा है :

क) ऑनकोलॉजी ओपीडी

ख) कीमोथेरेपी के लिए दैनिक देखभाल

ग) कैंसर सर्जरी

घ) निवारक (प्रीवेन्टीव) ऑनकोलॉजी

ङ) प्रशामक (पैलिएटिव) देखभाल

च) टेलीमेडिसिन

टीएमसी ने मुजफ्फरपुर शहर में बिहार के लिए प्रथम आबादी आधारित कैंसर रजिस्ट्री स्थापित की है ।

(ङ) विलंब, कोविड-19 अनिश्चितता के कारण है । परियोजना के मार्च 2026 के अंत तक पूरे होने की योजना है ।

* * * * *